हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार, 20 अप्रैल 2024

तापमान
अधिकतम 39 डिग्री
न्यूनतम 29 डिग्री

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

10 बंदर से बचने की कोशिश में छत की दूसरी मंजिल से ...



11 छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद का दायरा सिमटा : अरविंद नेताम



जलने के बाद
पुन:निर्माण सर्जरी
(रिकंस्ट्रक्शन)



कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

## जेजेएम के तहत हुआ काम, पांच गांव में 7 मोटरपंप, 7 सिंटेक्स टंकी लगाई गई

# साढ़े सात लाख से लगाया रनिंग वाटर सिस्टम, भुगतान फूटी कौड़ी तक नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जल जीवन मिशन का काम करने के लिए अधिकारियों ने खूब प्रेशर डाला। युवकों ने चार माह में 5 गांवों की आंगनबाड़ी, स्कूल में रनिंग वाटर के लिए मोटरपंप, पाइपलाइन बिछा दिया। काम करने के लिए साढ़े 7 लाख रुपए घर से लगा दिए। अब पिछले दो साल से वे पेमेंट के लिए भटक रहे हैं।

मामला नगरी विकासखंड के केरेगांव ग्राम पंचायत का है। यहां केरेगांव माध्यमिक शाला और रायपारा, हर्राकोठी, केरेगांव, कुरमाझर और नाथूकोन्हा की आंगनबाड़ी में जल जीवन मिशन के तहत रनिंग वाटर के लिए सिस्टम लगाने के लिए 4 मई 2022 को प्रशासकीय स्वीकृति पीएचई से मिली थी। जनपद पंचायत के आदेश पर ग्राम पंचायत ने यह काम किया। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत ने पूरा काम केरेगांव के ही युवक सूर्यकांत कुंजाम पिता श्रवण कुमार कुंजाम के जरिए करवाया। कुछ पैसे बचाने के चक्कर में युवक ने घर से मांगकर 7 लाख 46 हजार रुपए इस काम में लगा दिया। इससे 7 नई सिनटेक्स टंकी, 7 मोटरपंप भी लगाया। अपने रिस्क पर उसने मजदूर लगाकर चार माह में काम कम्पलीट कर दिया। काम कम्पलीट हुए आज दो साल हो गए हैं लेकिन युवक को एक रुपया का भी भुगतान नहीं किया गया है। अब वह भुगतान लेने के लिए दर-दर भटक रहा है। शुक्रवार को सूर्यकांत अपने सहयोगी संतोष नेताम के साथ कलेक्टोरेट पहुंचा और कलेक्टर नम्रता गांधी से शिकायत करते हुए राशि दिलाने की मांग की है। इससे पहले वे श्रम विभाग में भी शिकायत कर चुके हैं। श्रम न्यायालय में करीब 10 बार पेशी में जा चुके हैं लेकिन अब तक कोई अधिकारी पेशी में उपस्थित नहीं हुआ है। वहां से भी अब तक न्याय नहीं मिला है।

### मजदूरी भुगतान भी अटका

युवक ने बताया कि इस काम के लिए उसने कई दुकान व संस्थानों से उधारी सामग्री की खरीदी की है। घर से राशि लगाई। राशि मिलने की उम्मीद में उन्होंने जीजान लगाकर काम किया। मजदूरों को भी बाद में भुगतान देने का आश्वासन दिया था। अब वे बुरी तरह से फंस गए हैं। भुगतान नहीं होने पर किसी की उधारी नहीं दे पाए हैं। उधारी देने वाले व्यवसायी रोज तकादा कर रहे हैं। मजदूर भी लगातार मजदूरी देने के लिए प्रेशर बना रहे हैं। घर वाले भी ताना देते हैं। ऐसे में बेहद परेशान हो चुके हैं।




### काम की क्वालिटी को लेकर शिकायत

जिले में जल जीवन मिशन के तहत गांव-गांव में काम हुआ है। कई गांवों में काम चल रहा है लेकिन इस योजना के तहत काम की क्वालिटी को लेकर लगातार शिकायत आ रही है। कई स्थानों पर काम अधूरे पड़े हैं। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि अधिकारियों की भर्राशाही के चलते ही इन कार्यों में कोताही बरती जा रही है।

## युवक ने रूद्री बरॉज में कूदकर आत्महत्या का किया प्रयास, प्रशिक्षु युवाओं ने बचाई जान





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- पेशी में आया था गरियाबंद का युवक

पेशी में धमतरी पहुंचे गरियाबंद के एक युवक ने रूपयों से भरे बैग के साथ आत्महत्या करने रूद्री बरॉज में छलांग लगा दी। वहां मौजूद प्रशिक्षु युवाओं व आसपास के लोगों ने उसे डूबने से बचा लिया।

मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की शाम एक युवक को लोगों ने रूद्री बरॉज में छलांग लगाते देखा। इस दौरान आसपास मौजूद फ्रीडम एकडमी के प्रशिक्षु युवाओं तथा अन्य लोगों ने युवक को पानी से बाहर निकाला। तभी युवक मौका देख दोबारा पानी में कूद गया। उसे रेस्क्यू कर फिर बचाया गया। युवक के इस आत्मघाती कदम को देख रूद्री पुलिस को घटना की सूचना दी गई। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। लोगों ने उक्त युवक को पुलिस के हवाले कर दिया। युवक के बैग में एक लाख रुपए मिला है जिसे पुलिस को सौंप दिया गया है। पुलिस ने युवक को उसके परिजनों को बुलाकर सुपुर्द कर दिया है।

पुलिस के अनुसार युवक का नाम धनजंय उम्र 25 वर्ष है। वह अन्नपूर्णा फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड में काम करता है। अर्जुनी थाना में दर्ज मारपीट के मामले में युवक गरियाबंद से पेशी में धमतरी आया था। पेशी के बाद युवक वापस गरियाबंद न जाकर रूद्री बरॉज पहुंचा और पानी में छलांग लगा दी। युवक द्वारा आत्महत्या करने की कोशिश करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

## खबर संक्षेप

### खर्रा में हनुमान जन्मोत्सव 21 से

**सिर्री।** ग्राम खर्रा में श्रीराम हिंदू परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से हनुमान जन्मोत्सव एवं शोभायात्रा का आयोजन 21 से 23 अप्रैल तक किया गया है। प्रथम दिवस सुबह 11 बजे से श्रृंगार एवं अखंड रामायण का पाठ ग्रामवासियों द्वारा किया जायेगा। द्वितीय दिवस सोमवार को संध्या 5 बजे डीजे की धुन पर भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। 23 अप्रैल को सुबह 10 बजे से हवन पूजन, शस्त्र पूजन के बाद महाप्रसादी का वितरण किया जायेगा। पूजनकर्ता पंडित दानेश्वर प्रसाद शर्मा नारी होंगे। मंगलवार की रात्रि भारत दर्शन जस झांकी एवं रामधुनी मंडली वृंदावन चौक भिंभौरी बेमेतरा की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी अमित साहू और आदित्य साहू ने दी है।



### भाजपा प्रत्याशी आज सिहावा विधानसभा में

**नगरी।** भारतीय जनता पार्टी के सांसद प्रत्याशी भोजराज नाग व धमतरी जिला सह प्रभारी हलधर साहू सिहावा विधानसभा के अंतर्गत बेलरगांव मंडल एवं नगरी मण्डल में 20 अप्रैल को जनसंपर्क करेंगे। सुबह 8 बजे घुरावड़, 8. 30 बजे आमगांव, 9 बजे बेलरगांव, 9.30 बजे कसपुर, 10 बजे गढ़डोंगरी, 10.30 बजे सेमरा, 11 बजे सिहावा, 11.30 बजे भीतररास, 12 बजे घठुला, 12.30 बजे उमरगांव, 1 बजे रानीगांव, 1.30 बजे सांकरा, 2 बजे मोदे, दोपहर 2.30 बजे नगरी, 5 बजे बजरंग चौक नगरी में आमसभा को सम्बोधित करेंगे।

## शिक्षा विभाग के कर्मचारियों की टिप्पणी से पंचायत सचिव नाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- संघ ने की जिला निर्वाचन अधिकारी से शिकायत

शिक्षा विभाग के कुछ कर्मचारियों द्वारा सोशल मीडिया ग्रुप में सरपंच व सचिव पर आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने से पंचायत सचिव संघ में नाराजगी है। संघ ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी से मुलाकात इसकी शिकायत की है।

शिकायतकर्ताओं ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 26 अप्रैल को महासमुंद व कांकेर लोकसभा क्षेत्र में मतदान होना है। जिले के अधिकारी-कर्मचारी चुनाव को निर्विघ्न संपन्न कराने जुटे हैं। मतदान दल में शामिल अधिकारी-कर्मचारियों का प्रशिक्षण भी पूरा हो चुका है। चुनाव के दौरान व्यवस्था बनाने जिम्मेदारी सौंपने के साथ ही



अधिकारी कर्मचारियों को आपस में सामंजस्य बनाकर चलने के निर्देश दिये गये हैं। इसके बावजूद मतदान के एक सप्ताह पूर्व पहले शिक्षा विभाग के कुछ कर्मचारियों द्वारा सोशल मीडिया में सरपंच व सचिवों पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है, जिसे पंचायत सचिव संघ में काफी नाराजगी है। बुधवार को सचिव संघ के पदाधिकारियों ने इस मामले को लेकर कलेक्टर से शिकायत की। कलेक्टर ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए डीईओ को भविष्य में ऐसे मामलों से बचने के निर्देश दिए।

सचिव संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रत्येक चुनाव में पंचायत सचिवों को जिम्मेदारी सौंपी जाती है। जो भी जिम्मेदारी उन्हें सौंपी जाती है, उनका पूरी ईमानदारी से निर्वहन किया जाता है। लोस चुनाव में मतदान केंद्रों में भोजन, लाइट, माइक आदि की व्यवस्था सचिवों को दी गई है। इसके लिए कुछ राशि भी जारी हुई है। इसी राशि के उपयोग को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है। शिकायत करने वालों में जिलाध्यक्ष भूपेश सिन्हा, अनीत ध्रुव नगरी, दिनेश चंद्राकर कुरुद, रवि साहू मगरलोड, अशोक साहू धमतरी, प्रकाश चंद्राकर आदि शामिल थे।

## श्यामतराई में प्रधानमंत्री लेंगे चुनावी सभा

- सभा स्थल का सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासनिक टीम ने लिया जायजा
- 1 लाख लोगों की भीड़ जुटेगी, दो जगह पांच हेलीपेड बन रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

आगामी मंगलवार का दिन धमतरी के लिए ऐतिहासिक होगा। प्रधानमंत्री बनने के बाद पहली बार नरेन्द्र मोदी जनसभा में चुनावी हुंकार भरेंगे। सभा के लिए महासमुंद तथा कांकेर लोकसभा की सीमा पर स्थित ग्राम श्यामतराई में डोम, हेलीपेड बनाने का काम शुरू हो गया है। तैयारी में सैकड़ों मजदूरों सहित हाइवा, जेसीबी दिन-रात काम में लगे हैं।







कृषि उपज मंडी श्यामतराई के पास भाजपा पार्टी के संगठन से जुड़े लोग तैयारी में जुटे हुए हैं। वहीं प्रधानमंत्री की सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन के आला अधिकारी की टीम निगरानी तथा कर्मियों को मार्गदर्शन दे रहे हैं। शुक्रवार को एसपी आंजनेय वार्ष्णेय ने मौके पर पहुंचकर ⏩ शेष पेज 10 पर

### 12 विधानसभा के 1 लाख लोगों के पहुंचने की संभावना

प्रधानमंत्री की सभा में भाजपा का लक्ष्य 1 लाख से अधिक भीड़ जुटाने का है। यहां धमतरी, कुरूद, सिहावा, बालोद, गुंडरदेही, कांकेर, भानुप्रतापपुर सहित 12 विधानसभा से नेता, कार्यकर्ता तथा लोग पहुंचेंगे। लोगों के आने-जाने के लिए 5 से 7 प्रवेश द्वार बनेंगे। पार्किंग की व्यवस्था कृषि उपज मंडी तथा बाईपास के किनारे खाली जगह पर की जाएगी।

### जिले में आने वाले दूसरे प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेन्द्र मोदी का यह पहला धमतरी दौरा है। इससे पहले उन्होंने 2014 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान एकलव्य खेल मैदान में सभा को संबोधित किया था। वहीं सन 1985 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी नगरी ब्लाक के ग्राम दुगली आए थे।

### सभा में मुख्यमंत्री सहित दिग्गज नेता होंगे शामिल

भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा ने बताया कि श्यामतराई का सभास्थल कांकेर तथा महासमुंद लोकसभा की सीमा में है। यहां से प्रधानमंत्री दोनों लोकसभा को साधेंगे। यहां पर्याप्त जगह तथा नेशनल हाईवे होने के कारण लोगों को आने-जाने में दिक्कत नहीं होगी। प्रधानमंत्री का आगमन 3 बजे होगा। सभा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री द्वय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, वनमंत्री समेत प्रदेश के दिग्गज नेताओं की मौजूदगी रहेगी।

## शराब के लिए पैसा नहीं मिलने पर अधेड़ ने किया जहर सेवन, मौत

**धमतरी।** शराब के लिए पैसे नहीं मिलने से नाराज अधेड़ ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार रूद्री थाना क्षेत्र के गंगरेल निवासी कामताप्रसाद यादव पिता झुनुराम 53 वर्ष शराब सेवन का आदी था। गुरुवार को भी अधेड़ दिनभर शराब सेवन कर घूम रहा था। शाम को नशे की हालत में घर पहुंच पत्नी से शराब पीने के लिए पैसा मांगा। पत्नी द्वारा पैसा नहीं होने की बात कहने पर अधेड़ गाली-गलौज कर घर से निकल नदी की तरफ चला गया। यहां अधेड़ ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर कर लिया था। गांव के महेश निषाद ने अधेड़ को नदी किनारे देख उसके बेटे मनोज यादव को घटना की जानकारी दी। मनोज नदी किनारे पहुंचा तो वहां कीटनाशक दवाई का डिब्बा दिखा। पूछने पर उसके पिता ने जहर सेवन कर लेने की बात कही। अधेड़ को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। इलाज के दौरान शुक्रवार की सुबह उसकी मौत हो गई। चौकी पुलिस ने मर्ग कायम, पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद लाश परिजनों को सौंप दिया।

## टीवी केबल आपरेटरों की मनमानी से उपभोक्ता परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- अलग-अलग वार्डों में अलग-अलग चार्ज

केबल टीवी उपभोक्ताओं के लिए टेलीकाम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया के नियम के मुताबिक सिर्फ उन्हीं चैनलों के लिए पेमेन्ट करना होगा जिसे वे देखना चाहते हैं, बशर्ते वे पेयबल हो। कुछ चैनल ऐसे हैं जो पूरी तरह निःशुल्क है। खासकर प्राइवेट राष्ट्रीय न्यूज चैनल और कुछ पारिवारिक चैनल जिसके लिए केबल आपरेटरों को पैसे देने की जरूरत नहीं है। लेकिन इसके



विपरीत धमतरी में केबल आपरेटरों की मनमानी चल रही है। पेयबल चैनलों के अलावा निःशुल्क चैनलों का भी पेमेन्ट लिया जा रहा है। निजी और लोकल न्यूज चैनल के नाम पर भारी भरकम राशि वसूली जा रही है। शहर के उपभोक्ताओं ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि उनके मोहल्ले में पहले 250 रूपए हर माह लिए जा रहे थे, जिसे बढ़ाकर 280 से 300 रूपए कर दिया गया। जबकि उन्होंने कोई भी नया चैनल सबक्राईब्स नहीं किया है। एक अन्य वार्ड के उपभोक्ता ने बताया कि उनसे 250 रूपए जबरदस्ती लिया जा रहा है जबकि वे न्यूज चैनल के शौकीन हैं। अन्य पेयबल चैनल को जबरदस्ती थोपकर पेमेन्ट बनवा रहे हैं। बता दें नेशनल और राज्य स्तर के प्राइवेट न्यूज चैनल पूरी तरह निःशुल्क है। इसका सबूत डीटूएच में देखने को मिल जाएगा। और यहां लोकल न्यूज चैनल के नाम से पेमेन्ट बना रहे हैं। इन्हीं सब कारणों को देखते हुए शहर के अधिकांश उपभोक्ता सरकार कनेक्शन डीटूएच लगा लिए हैं, जो पूरी तरह निःशुल्क है।

इस संबंध में एक केबल आपरेटर ने बताया कि मनपसंद पेयबल चैनल के पेमेन्ट के अलावा 153 रूपए सर्विस चार्ज अलग लेते हैं, जिसके कारण उपभोक्ताओं को झटका लग रहा है। इस मामले में उपभोक्ता जिला प्रशासन व ट्राई से शिकायत करने का मन बना रहे हैं।

## 105 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ 4 आरोपी गिरफ्तार







- रूद्री व मगरलोड पुलिस ने की कार्रवाई

**धमतरी।** रूद्री व मगरलोड पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से 105 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ एक महिला सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार रूद्री पुलिस को मुखबिर से ग्राम शकरवारा में अवैध महुआ शराब की बिक्री की सूचना मिली। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और गांव के रामरतन कमार पिता मेहत्तर उम्र 44 वर्ष से अवैध रूप से बिक्री के लिए तालाब में छिपाकर रखे 30 लीटर महुआ शराब बरामद की। इसी तरह धरमसिंग कमार उम्र 23 वर्ष ग्राम झुंझराकसा निवासी के कब्जे से 20 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की गई। बरामद कुल 50 लीटर अवैध शराब की कीमत 10 हजार रुपए को जब्तकर आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इसी तरह मगरलोड पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान ग्राम बोरसी में छापामार कार्रवाई की। इस दौरान शराब खरीद रहे लोग पुलिस को देख भाग गए। पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेच रहे संतोष साहू ग्राम बोरसी निवासी को 35 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ रंगेहाथ पकड़ा है। वहीं पुलिस ने ग्राम कोरगांव के नाला पुल के पास अवैध रूप से बिक्री के लिए रखी 20 लीटर महुआ शराब बरामद की है। इस मामले में पुलिस ने गांव की संगीता कमार को पकड़ा है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### कार्यक्रम को मूर्तरूप देने भाजपा कार्यालय में प्रभारी मंत्री की मौजूदगी में हुई बैठक

# पीएम मोदी की सभा धमतरी में 23 को, तैयारियों में जुटे भाजपाई






- पार्टी के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भाजपा कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा को लेकर बैठक हुई प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी प्रथम बार धमतरी आ रहे हैं। उनकी जनसभा 23 अप्रैल को दोपहर 3 बजे ग्राम श्यामतराई में होगी। इससे पूर्व 2014 के चुनाव में मोदी जी का धमतरी आगमन हुआ था, तब मोदी जी भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार थे। आज 10 वर्षों के बाद पहली बार प्रधानमंत्री के रूप में उनका धमतरी आगमन हो रहा है।

जनसभा की तैयारियों का जायजा लेने जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक कुरूद अजय चंद्राकर, कार्यक्रम प्रभारी रामू रोहरा, महासमुंद लोकसभा संयोजक शंकर अग्रवाल ने बैठक ली। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने कहा कि 26 अप्रैल को होने वाले मतदान से पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा धमतरी में होने जा रही है। इससे आम जनता में उत्साह है। मोदी जी को जनता सुनना व देखना चाहती है।

बैठक में क्लस्टर प्रभारी अजय चंद्राकर ने कार्यकर्ताओं को जनसंपर्क कर मोदी जी की सभा में आने का न्योता देने कहा तथा जनसभा के लिए कार्यों का विभाजन किया। प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा ने पार्टी पदाधिकारियों से सभा के दृष्टिकोण से व्यवस्था तथा अन्य जिम्मेदारियों में सहभागिता के लिए अपील की। उन्होंने कहा कि 10 वर्ष बाद मोदीजी की सभा धमतरी में हो रही है। यह पहला मौका है जब प्रधानमंत्री के रूप में धमतरी की जनता को मोदीजी संबोधित करेंगे। बैठक के बाद पार्टी के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।

हरिभूमि
## पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप

### रामनवमी शोभायात्रा में पकड़ाया चाकूबाज



**धमतरी।** शोभायात्रा के दौरान शांति व्यवस्था बनाने तैनात पुलिस ने एक चाकूबाज को बटंची लहराकर लोगों को डराते गिरफ्तार किया है। श्री रामनवमी पर बुधवार की रात्रि शहर में ऐतिहासिक शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में शांति व कानून व्यवस्था तथा यातायात व्यवस्था बनाए रखने पुलिस ने पूरी तैयारी की थी। पर्याप्त पुलिस बल तैनात किए गए थे। वहीं पुलिस अधिकारी भी शोभायात्रा के साथ साथ चल रहे थे। शोभायात्रा में अशांति फैलाने वाले असामाजिक तत्वों व हथियार लेकर घूमने वालों पर पुलिस विशेष रूप से नजर रख रही थी। इसी दौरान मकई चौक के पास एक युवक बटंची चाकू दिखाकर लोगों को डरा-धमका रहा था। सुरक्षा के लिए तैनात साइबर व कोतवाली पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी करण वर्मा पिता नारांतक वर्मा 21 वर्ष ग्राम खम्हरिया थाना पाटन निवासी को बटंची चाकू के साथ दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी करण को आर्म्स एक्ट 25, 27 के तहत गिरफ्तार कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए एसपी आंजनेय वार्ष्णेय द्वारा आनलाइन चाकू व धारदार हथियार मंगाने वालों एवं चाकूबाजों पर लगातार नजर रखने पुलिस को निर्देशित किया है।

### ब्लेड मारने वाले युवकों को 10-10 वर्ष की सजा

**धमतरी।** ग्राम पोटियाडीह में गौरी-गौरा विसर्जन के दौरान एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला करने वाले दो युवकों को न्यायालय ने 10-10 वर्ष की सजा सुनाई है। न्यायालीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 15 नवंबर 2020 को ग्राम पोटियाडीह में गौरा- गौरी विसर्जन का कार्यक्रम चल रहा था। कार्यक्रम में आरोपी नोगू उर्फ नोगेंद्र एवं नितिश ध्रुव हाथ में ब्लेड रखकर घूम रहे थे जिन्हें किसनलाल साहू ने मना किया। इसी बात पर आरोपियों ने किसनलाल से गाली- गलौज करते हुए उसके बाये कान के नीचे तथा गले में ब्लेड मारकर जानलेवा हमला किया। किसनलाल की रिपोर्ट पर अर्जुनी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 307, 34 का अपराध दर्ज किया गया। न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश शैलेषकुमार तिवारी ने समस्त गवाह एवं सबूत के आधार पर धारा 307, 34 के अपराध के लिए 10-10 वर्ष का कठोर कारावास एवं 1-1 हजार रूपए के दंड से दंडित किया गया है। अर्थदंड की राशि अदा नहीं करने पर 6-6 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। इस मामले की पैरवी सरकारी वकील शाहीनअली हाशमी ने की है।

## पेज 9 का शेष

### श्यामतराई में प्रधानमंत्री...

आवश्यक दिशा निर्देश दिए। यहां बीस एकड़ जमीन पर 50-50 हजार वर्गफीट में 4 डोम बनाए जा रहे हैं। यहां 100 मीटर चौड़ा स्टेज होगा। सभा स्थल पर ही तीन हेलीपेड बनाए जा रहे हैं। वहीं बाईपास के पास दो और हेलीपेड बन रहे हैं। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री का चॉपर सभास्थल पर उतरेगा। वहीं मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर बाईपास स्थित हेलीपेड पर लैंड करेगा।

---

बंदरों के आतंक से जोरातराई सहित आसपास के ग्रामीण हो रहे परेशान

# बंदर से बचने की कोशिश में छत की दूसरी मंजिल से गिरा बच्चा, गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

खुद के घर की खपरैल को बंदरों के उत्पात से बचाने पड़ोसी के घर की छत में चढ़कर बंदर भगाने चढ़ा 10 वर्षीय बालक बंदर के हमले का शिकार हो गया। बंदर से बचने की कोशिश में बच्चा दूसरी मंजिल से गिर गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसका धमतरी के एक निजी चिकित्सालय में इलाज जारी है।

मामला कुरुद वनमंडल क्षेत्र के भखारा थाना अंतर्गत ग्राम जोरातराई (सिलौटी) का है। धवल कुमार पिता अर्जुन साहू उम्र 10 वर्ष अपने पड़ोसी की छत में चढ़कर बंदर को भगाने का प्रयास कर रहा था ताकि उसके घर की खपरैल को नुकसान न पहुंचाये लेकिन वहीं एक बंदर उत्तेजित होकर बच्चे की ओर दौड़ पड़ा। बच्चे ने बंदर को अपनी ओर आते देख भागने की कोशिश की तभी वह छत की दूसरी मंजिल से छत की पहली मंजिल 12 फीट नीचे सिर के बल गिर पड़ा और बेहोश हो गया। इसकी सूचना बच्चे के साथ मोनेन्द्र 12 वर्ष ने घर वालों को दी जिसे आनन- फानन में तत्काल निजी वाहन की व्यवस्था कर धमतरी के निजी अस्पताल पहुंचाया गया जहां धवल कुमार का इलाज जारी है।

परिजनों ने बताया कि धवल की नाक की हड्डी फैक्चर है तथा सिर में गम्भीर चोट लगी है। डॉक्टरों ने फिलहाल बच्चे को खतरे से बाहर बताया है।





### बंदरों के आतंक से परेशान हैं ग्रामीण

बता दें कि बंदरों के आतंक से इन दिनों आसपास के क्षेत्र के ग्रामीण परेशान हैं। उत्पाती बंदरों का झुंड रोज गांव पहुंचकर घर की खपरैल, बाड़ी की फल फूल सब्जियों के अलावा घर की छत पर लगे टीवी एंटीना व सेन्टेक्स टंकी पाइप आदि को नुकसान पहुंचा रहा है। ग्रामीण चोवाराम गंजीर, दिलीप साहू, भानु साहू, यीशु साहू ने बताया कि विगत दो वर्षों से उनके गांवों में बंदरों के आतंक हैं। झुंड में एक बंदर ऐसा है कि वह किसी भी महिला या बच्चे को देखता है तो उसे खींज दिखाते हुए दौड़ाता है। घरों की खपरैल का सत्यानाश कर रहे हैं लेकिन इससे निदान दिलाने वन विभाग द्वारा अब तक कोई पहल नहीं की गई है।

### देवरानी-जेठानी की साड़ी खींच सड़क पर गिराया

हाईस्कूल जोरातराई के प्राचार्य दयालुराम साहू ने बताया कि आतंकी बंदरों ने गांव के स्कूल में लगी सेन्टेक्स टंकी व पाइप को तोड़ फोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया है। उन्होंने यह भी बताया कि मंदिर से पूजा कर वापस घर लौट रही उनके पड़ोसी मोना साहू व कुंती साहू दोनों देवरानी-जेठानी की साड़ी खींचकर सड़क में गिरा दिये। उन्होंने जैसे-तैसे अपनी जान बचाई। उन्होंने वन विभाग को इसकी सूचना देकर आतंकी बंदरों से ग्रामीणों व क्षेत्रवासियों को राहत पहुंचाने व घायल धवल कुमार को उचित मदद देने की मांग की है।

---

# गरीब कल्याण का सपना मोदी की गांरटी से पूरी हो रही : ज्योति



- ग्राम चरमुड़िया, अटंग, अछोटी, सिवनीकला में हुई भाजपा की नुक्कड़ सभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद/सिर्री

लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा कुरूद विधानसभा द्वारा कुरूद मंडल एवं सिर्री मंडल के ग्रामों में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता ज्योति चन्द्राकर भाजपा जिला उपाध्यक्ष, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, गौकरण साहू भाजपा जिला उपाध्यक्ष, कुरूद मंडल अध्यक्ष कुलेश्वर चन्द्राकर, सिर्री मंडल अध्यक्ष पुष्पेन्द्र साहू थे।

ग्राम चरमुड़िया, अटंग, अछोटी, सिवनीकला में भाजपा ने नुक्कड़ सभा का आयोजन किया। चुनावी जनसंपर्क अभियान के तहत श्रीमती चन्द्राकर ने महासमुंद लोकसभा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी के पक्ष में प्रचार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की कल्पना साकार हो रही है। गरीब कल्याण का सपना मोदी की गारंटी में पूरा हो रहा है। विष्णु के सुशासन में सांय-सांय काम हो रहा है। हमारा देश मोदीजी के नेतृत्व में सुरक्षित है। इन सब बातों को लेकर पुनः प्रधानमंत्री बनाने के लिए जनता जनार्दन से जिताने के लिए आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा ग्राम केन्द्र प्रभारीगण टकेश्वर चन्द्राकर, थानेश्वर तारक, कोमल शुक्ला, मंशाराम चतुर्वेदी, केवल चन्द्राकर, महिला मोर्चा से भारती पंचायन, विधा शर्मा, चित्रलेखा टंडन, उर्वशी बंजारे आदि उपस्थित थे।

---

# जंवारा विसर्जन में दिखी भक्तों की आस्था





**सिर्री।** चैत्र नवरात्रि की अष्टमी पर प्रत्येक देवी मंदिरों में पुरोहितों द्वारा हवन पूजन का कार्यक्रम संपन्न किया गया। देवी मंदिरों में ज्योति प्रज्जवलित की गई थी। सिर्री के दंतेश्वरी मंदिर के साथ ही जयराम साहू, हरेंद्र साहू, सुखमान साहू, विनोद पटेल के घर में भी ज्योति प्रज्ज्वलित कर जंवारा बोया गया था। छोटे-छोटे बच्चों द्वारा भी नवरात्रि में माता की सेवा की गई। बुधवार को माता सेवा गीत के साथ जंवारा का विसर्जन किया गया। भक्तों द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। चैत्र माह की भरी दोपहरी में जंवारा विसर्जन करने भक्त नंगे पांव सगरी पहुंचे। विसर्जन यात्रा और जंवारा दर्शन करने श्रद्धालुओं की भीड़ रही।

---

# सम्मेलन में मानस मंडलियों ने बताई भगवान राम की महिमा

- सत्संग में जीने की सभी कलाएं विद्यमान : अंबिका मरकाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

श्रीराम नव युवक परिषद नगरी द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय त्रिदिवसीय मानस सम्मेलन का समापन अंबिका मरकाम विधायक सिहावा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर श्रीमती मरकाम ने कहा कि रामायण हमें यह सिखाती है कि सत्य चाहे जितना भी कमजोर हो, असत्य के सामने उसकी ही जीत होती है। सत्संग में जीने की सभी कलाएं विद्यमान हैं। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ की ख्यातिप्राप्त मानस मण्डलियों ने भाग लिया। बस्तर क्षेत्र की मण्डलियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सबका दिल जीत लिया। ज्ञान ज्योति मानस मंडली नाहनबिरही मैनपुर ने मानस के गूढ़ रहस्य की बखूबी व्याख्या की तथा बेटियों के महत्व पर करुणामयी दृष्टांत सुनकर श्रोता भावुक हो उठे। बस्तर के फरसगांव की मंडली ने मानस की प्रासंगिकता पर सुंदर चित्रण कर काफी प्रभावित किया।



इस आयोजन में गोपी कश्यप, बृजलाल सार्वा, प्रेमलाल ध्रुव, बेनीराम टंडन, मोहन सोनी, बिल्लू, रामकुमार साहू, कमल साहू, दुरपत बाई पटेल, नेमीचंद पटेल, खुश कुमार देवांगन, हरीश मालू, मुरलीधर, प्रेम, कन्हैयालाल साहू, पीला बाई निर्मलकर, हृदय नाग, पेमन स्वर्णबेर ,रवि भट्ट, तेजेंद्र भट्ट, गोपाल यादव, छवि नारायण साहू का विशेष योगदान रहा।

मौके पर समिति अध्यक्ष गजेंद्र कंचन, उपाध्यक्ष सुरेश साहू, अशोक पटेल, शिव साहू, कोषाध्यक्ष बृजलाल सार्वा, सचिव नरेश छेदैहा, सहसचिव भरत साहू, पं ठकुरीधर शर्मा, हेमलाल सेन, शंकर देव, उधोलाल साहू, अश्वनी साहू, नरेंद्र श्रीमाली, सुरेश चनाप, ललित निर्मलकर, द्रोण कंचन, परस राम ध्रुव, दिलीप साहू, बेनीराम टंडन, योगेश साहू, संतोष पटेल ,पंकज सिंहा, प्रभुलाल निषाद ,नोहर साहू, ओमप्रकाश पटेल, महेंद्र साहू, रोहित नाग, ओमप्रकाश साहू, भानेंद्र साहू, युगल गौर, शंकर गुप्ता, सुरेश सिंहसार, पूजा साहू, प्रियंका मौजूद थे।

---

# भाजपा प्रत्याशी की जीत के लिए मांगा आशीर्वाद

- जिला पंचायत सदस्य अनीता ध्रुव ने लोकसभा क्षेत्र के कई गांवों में किया जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुकरेल(धमतरी)

जिला पंचायत सदस्य अनीता ध्रुव लोकसभा क्षेत्र के गांवों में जाकर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार कर रही है। इसी तारतम्य में उन्होंने बासीखाई, झुरातराई, कोटरवाही, मगौद, पारधी, छलकनी में जनसंपर्क किया। जनसंघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता मंगिया राम ध्रुव से मुलाकात कर कांकेर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग को विजयश्री दिलाने आशीर्वाद लिया। गौरतलब है कि मंगिया राम ध्रुव वर्ष 1955-56 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़कर अपने क्षेत्र के लगभग 15 गांवों में लाठी संघ संचालित करते थे। वे पूर्व विधायक यशवंत राव मेघा वाले तथा सोमप्रकाश गिरी के साथ भी काम कर चुके हैं। आज वे 97 वर्ष के हो चुके हैं। उनके दिल में भाजपा के प्रति जुनून देखा जा सकता है।




---

# हवन-पूजन के बाद हुआ नौ कन्या भोज



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

चैत्र नवरात्रि पर ग्राम कुहकुहा के शीतला मंदिर में ग्रामवासियों द्वारा ग्राम की सुख शांति के लिए हवन-पूजन के साथ ही नौ कन्या भोज एवं प्रसादी का वितरण किया गया। माता का दर्शन करने भक्तों की भीड़ रही। इस आयोजन में ग्राम के वरिष्ठजनों, बुजुर्गों सहित नरेंद्र साहू ग्रामीण कोषाध्यक्ष का विशेष सहयोग रहा।

---

# चित्रोत्पला समिति ने मनाया रामनवमी उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

चित्रोत्पला लोक कल्याण समिति धमतरी द्वारा 17 अप्रैल को रामनवमी उत्सव चित्रोत्पला परिसर (पीजी कालेज के पास) धमतरी में शाम 4 बजे मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सनत कुमार शर्मा (सेवानिवृत्त प्रोफेसर) रहे एवं विशेष अतिथि जिला प्रचारक मनोज कश्यप रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभु श्रीरामचंद्र के पूजन अर्चन के पश्चात सामूहिक गीत हुआ। व्यक्तिगत गीत के पश्चात मुख्य वक्ता का उद्बोधन हुआ। श्री शर्मा ने अपने उद्बोधन में श्रीराम जी के जन्म से लेकर रावण वध तक की कथा का वर्णन किया तथा राम का भारत के संस्कृति में महत्व बताया। कार्यक्रम का आभार समिति के सचिव यादराम साहू ने किया।



कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारी, सदस्य व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन कल्याण मंत्र के साथ हुआ।

---

घरों में धीमी रफ्तार से हो रही पानी की सप्लाई

# भखारा के वार्ड क्रमांक 6 में पेयजल की समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

नगर पंचायत भखारा के वार्ड क्रमांक 6 में एक बार फिर पानी की समस्या विकराल हो गई है। पिछले कुछ दिनों से पानी की सप्लाई क्षमता के अनुरूप नहीं हो पा रही है। घरों में बेहद धीमी रफ्तार से पानी पहुंच रहा है। फ्लो कम होने के बावजूद पेयजल की व्यवस्था तो हो जा रही है, लेकिन अन्य कार्यों के लिए पानी कम पड़ रहा है। घरों के दूसरे तल में पानी चढ़ने में दिक्कत हो रही है। वार्डवासियों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से पानी की रफ्तार भी धीमी पड़ गई है।

रहवासियों के मुताबिक सुबह व शाम मिलाकर दो घंटे पानी आता है। क्षमता के अनुरुप पानी लेने के लिए यह समय पर्याप्त है, पर अब दो घंटे में इतना पानी नहीं आ पा रहा है कि पानी से संबंधित तमाम काम हो सके। बस इतना है कि पीने के लिए पानी मिल जा रहा है। इसकी जानकारी भी नगर पंचायत को दी गई है, लेकिन अब तक पानी कम क्यों आ रहा है, इस समस्या का निदान नहीं हो पाया है। ऐसे में लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

### नगर पंचायत नहीं दे रही ध्यान



### टुल्लू पंप से हो रही समस्या

नगर पंचायत का पानी सप्लाई सिस्टम आधुनिक नहीं है। पाइपलाइन में भी जगह-जगह लिकेज है। परिणामस्वरूप पानी आपूर्ति तेज गति से नहीं हो पाती है। ऐसे में लोग अपने घर की टंकियों तक पानी पहुचाने के लिए टुल्लू पंप का उपयोग करते हैं। इससे उनके घरों की पानी टंकी तो भर जाती है लेकिन दूसरे के घरों में पानी की रफ़्तार कम हो जाती है। इस ओर नगर पंचायत बिलकुल भी ध्यान नहीं दे रही है।

Pride of Dhamtari



मेसर्स बजरंग इंडस्ट्रीज
खपरी, धमतरी
प्रोफाइल शीट (चादर), शटर पट्टी के निर्माता
प्रोफाइल शीट सभी कलर में उपलब्ध
- हमारे यहां गोल पाइप, चौरस पाइप, एंगल पट्टी, सभी साइज में उपलब्ध है।
- राइस मिल फिटिंग एवं रिपेयरिंग, कैंची शेड एवं गोदाम का निर्माण किया जाता है।
संपर्क : चंद्रकैलाश साहू, ग्राम खपरी (धमतरी) मो. 73890-44159, 80852-95569

आपके शहर धमतरी में
प्रख्यात चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा परामर्श
ओ.पी.डी.
कृपया पुरानी रिपोर्ट साथ लावें
पंजीयन आवश्यक - 7389936624
स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल ,बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
अगर आप मस्तिष्क रोग, स्लिप डिस्क, एवं हृदय रोग से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें
डॉ अक्षय बैद
MS,MCh, Neurosurgeon
ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ
19 अप्रैल 2024 शुक्रवार
डॉ जोगेश
MD,DM Interventional Cardiologist
20 अप्रैल 2024 शनिवार

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरुद - 98268-82770, नगरी -77488-10431,
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

## अंचल की खबरें

### परसुली में कांग्रेस प्रत्याशी का हुआ स्वागत



**धमतरी।** महासमुंद लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू अपने जनसम्पर्क के दौरान ग्राम परसुली पहुंचे। सरपंच धनसाय साहू, मेघनाथ साहू, तोरणलाल ध्रुव, पोखराज साहू, तुलसीराम साहू, प्रभु निषाद, भारत निषाद, बिसाहू राम साहू, कृष्ण कुमार साहू, कौशल भास्कर, कौशल्या चन्द्रवंशी, शेष कुमारी, धानबाई डहरिया, सिलोच सोनवानी, राधाबाई, कुमारी चन्द्रवंशी, रामकुमारी मेश्राम, पवन रेखा डहरिया ने उनका भव्य स्वागत किया।

### जनता को मिल रहा सरकार की योजनाओं का लाभ : रामगोपाल



**नगरी।** सिहावा विधानसभा मीडिया प्रभारी रामगोपाल साहू एवं जनपद सदस्य रेणुका ध्रुव लगातार नगरी मंडल के शक्ति केंद्रों में घर-घर संपर्क कर बैठक ले रहे हैं। डोंगरडुला, बिलभदर, चचानवाही, बेहड़ापारा, कोटाभर्री, दलदली एवं अन्य ग्रामों में संपर्क किया। इस अवसर पर रामगोपाल साहू ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं से ग्रामीणों में उत्सुकता है। सरकार की योजनाओं का फायदा जनता को मिल रहा है। पीएम आवास, महतारी वन्दन योजना ने काफी प्रभावित किया है। केंद्र में भाजपा की सरकार बनेगी, क्योंकि यही सरकार है जो हमारे देश को सुरक्षित रख सकती है। जनसंपर्क के दौरान राजेंद्र साहू, लच्छूराम नेताम, गोविंद तिवारी, पेमन्त साहू, गुंजा साहू, चमेली साहू, प्रताप साहू, लेखनी साहू समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### उमरगांव में मानस सम्मेलन का समापन



**नगरी।** चैत नवरात्रि में इस वर्ष भी ग्राम उमरगांव में त्रिदिवसीय मानस सम्मेलन का आयोजन किया गया था जिसमें 30 मानस मंडलियों ने रामकथा का रसपान कराया। 17 अप्रैल को राम जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। तीन दिनों तक विभिन्न दानदाताओं द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया था। इस आयोजन में मानस सम्मेलन समिति के अध्यक्ष महेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार मारकोले, आरडी मानिकपुरी, कोषाध्यक्ष मंशा सोम, सचिव नारायण पुजारी, सहसचिव चेवनकुमार, चुमेशकुमार, सदस्य नारायणदास मानिकपुरी, सुरेश मरकाम, कृष्णकुमार मरकाम, टिकेश सेन, जनक साहू, वेददास मानिकपुरी, मोहन पुजारी, ईश्वर पटेल, बलराम साहू, अंगेश हिरवानी, देवेन्द्र सेन, रोमेश साहू, श्रवण शेष, तुलसी साहू, चन्द्रभान यादव, हेमंत ठाकुर, विष्णु शेष, डिकेश्वर साहू, दुर्गेश पुजारी का सहयोग रहा।

### कांग्रेस के घोषणा पत्र से कराया अवगत



**धमतरी।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक गुरूमुखसिंह होरा ने महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के धमतरी विधानसभा के ग्राम संबलपुर, छाती एवं कंडेल में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू के साथ दौरा कर कांग्रेस के पक्ष में वोट करने की अपील की। ग्रामवासियों को कांग्रेस के घोषणा पत्र में दी गई जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया व कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू के पक्ष में वोट करने की अपील की। इस दौरान ओंकार साहू विधायक, जिकांक अध्यक्ष शरद लोहाना, गोपाल शर्मा, पंकज महावर, मोहन लालवानी, हर्षद मेहता, घनश्याम साहू, विपिन साहू, वसीम कुरैशी, मदमोहन खंडेलवाल, नीशु चन्द्राकर, विक्रांत शर्मा, मनोज साहू, भूपेन्द्र साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### स्लैब पर पानी का छिड़काव करने की मांग



**धमतरी।** गोकुलपुर वार्ड में भटगांव चौक के पास नाली निर्माण कर उस पर स्लैब लगाया गया है। वार्ड के सोमू साहू, रामचंद साहू, हीरा साहू, कृष्णा साहू, नरेंद्र साहू, बिहारी साहू, कांशी साहू, बाबूलाल यदु, महेश साहू ने बताया कि पांच दिन बीतने के बाद भी इस पर पानी नहीं डाला गया है। इससे पुलिया की लाइफ कमजोर होगी। इसे देखने नगर निगम का अमला भी नहीं पहुंचा है जबकि इस रोड से चालीस से साठ टन तक भारी वाहन गुजरते हैं। हेमू साहू, होमचन्द साहू, भेदू साहू, किशोर साहू, भगवान सिंह यादव, कमलेश ध्रुव, गोपाल साहू ने नगर निगम से स्लैब पर पानी डलवाने की मांग की है।

धमतरी प्रवास पर पहुंचे पूर्व कैबिनेट मंत्री ने की पत्रकारों से चर्चा

# छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद का दायरा सिमटा : अरविंद नेताम

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- जंगलों को काटे बिना क्षेत्र का विकास होना चाहिए



पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद नेताम ने धमतरी प्रवास के दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में नक्सलवाद का दायरा सिमट गया है। अब उन्हें हथियार छोड़कर संविधान में विश्वास करना चाहिए। देश की चुनावी प्रक्रिया में भाग लेना चाहिए। अब समय आ गया है कि वे देश की मुख्यधारा से जुड़ जाए। उन्होंने मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों के संबंध में कहा कि पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

श्री नेताम ने आगे कहा कि आदिवासियों एवं सनातनी संस्कृति में भिन्नता है। खान पान, रहन सहन, पूजा पाठ की पद्धति अलग है। दोनों की संस्कृति मेल नहीं खाती। आदिवासियों को देखने का तरीका बदलना होगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में हमर राज पार्टी से महासमुंद, बस्तर, कांकेर, राजनांदगांव से प्रत्याशी खड़े किए गए हैं। तीसरे फेज में सरगुजा, रायगढ़ सहित अन्य लोकसभा क्षेत्र में प्रत्याशी उतारे जाएंगे।

राज्य में 4 लोकसभा सीट आदिवासियों के लिए सुरक्षित है। महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से गणेशराम ध्रुव को प्रत्याशी बनाया गया है। पिछले विधानसभा चुनाव में सिंबाल नहीं मिल पाया था, जिसके कारण सफलता नहीं मिल पाई। हमरराज पार्टी को सभी वर्ग का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है जिसका फायदा चुनाव में मिलेगा। उन्होंने हसदेव जंगल की कटाई पर कहा कि इससे मानव जीवन को नुकसान है। पानी, हवा, मिट्टी खराब हो जाएगी। जंगलों को बिना काटे क्षेत्र का विकास होना चाहिए। जंगल कटने से विस्थापन की समस्या आती है जो आज भी ज्वलंत समस्या है। बेघर हुए लोगों का अब भी विस्थापन नहीं हो सका।

50 वर्षों से विस्थापन की मांग की जा रही है लेकिन आदिवासियों की सुनने वाला कोई नहीं है। प्रदेश में 33 प्रतिशत आदिवासी निवासरत हैं लेकिन किसी भी पार्टी ने आदिवासी हित की बात नहीं की। जल, जंगल, जमीन को संरक्षित करने की जरूरत है। प्रेसवार्ता के दौरान सर्व आदिवासी समाज के जिला संयोजक एवं हमरराज पार्टी के प्रदेश प्रभारी जीवराखन मरई, महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के पार्टी प्रत्याशी गणेश राम ध्रुव, रामेश्वर मरकाम, हर्ष मरकाम आदि मौजूद थे।

## हटकेशर में मनाया गया राम जन्मोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- महाआरती, भंडारा, प्रसादी का हुआ वितरण

राम जन्म उत्सव समिति हटकेशर के तत्वावधान में रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। समिति के प्रमुख हेमंत भांडे, महेंद्र रावटे, राजा श्रीवास ने बताया कि हटकेशर स्थित तुलसी चौक में बुधवार को वार्डवासियों के सहयोग से रामनवमी का पर्व उत्साहपूर्वक मनाया गया। अयोध्या में विराजित भगवान श्रीराम के सूर्य तिलक के समय मर्यादा पुरूषोत्तम की महाआरती की गई। तत्पश्चात चना, पूड़ी का प्रसादी वितरण शाम 5 बजे तक किया गया।

शाम को पुनः आरती पूजन कर कार्यक्रम का समापन कियाग या। इस अवसर पर पूर्व पार्षद भरत देवांगन, प्रवीण दुबे, संतराम ठाकुर, माखन नेताम, शंकर रावटे, मुकेश साहू, उमेश गुप्ता, संजु साहेब, सुनील साहेब, श्रवण सिदार, सियाराम, बल्लू ध्रुव, विक्रम, पवन गुप्ता, गैंदलाल साहू, अशोक पटेल, नरेश साहू, छन्नू पटेल, रूद्रेश्वर महाराज, सुमेरी ध्रुव, मानिक साहू, तुलसी रावटे, नारद यादव, शैलेश ध्रुव सहित अनेक वार्डवासी उपस्थित थे।

## हमर राज पार्टी के प्रत्याशी गणेश ने ली सभाएं



- पार्टी के अरविंद नेताम, जीवराखन मरई ने भरी हुंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

हमर राज पार्टी के संस्थापक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद नेताम, पार्टी के प्रदेश प्रभारी व सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष जीवराखन मरई, पार्टी के प्रत्याशी गणेशराम ध्रुव ने अपने समर्थकों के साथ महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के कुरूद विधानसभा के गांवों में पार्टी के पक्ष में चुनावी सभाएं ली। लोगों से समर्थन मांगकर पार्टी की रीति-नीति से अवगत कराया। उन्हें आम मतदाताओं का अपार समर्थन मिला। कार्यक्रम में स्टार प्रचारक ठाकुरराम, कुलेश्वर कुमार, चंदू साहू, ताराचंद ने कहा कि पार्टी का नजरिया दूरदर्शी है। राज्य का उत्तरोत्तर विकास उनकी प्राथमिकता है। जल, जंगल, जमीन, खनिज संपदा से भरपूर इस राज्य की जनता के सभी हितों को संरक्षित रखने का प्रयास होगा।

## पीएम की आमसभा में शामिल होने प्रीतेश ने दिया ग्रामीणों को आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 23 अप्रैल को धमतरी में आमसभा होगी। भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता कार्यक्रम की तैयारी में जुट गए हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में भाजपा के प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य भाजपा प्रीतेश गांधी विभिन्न ग्रामों का दौरा करते हुए कार्यक्रम में शामिल होने लोगों से आग्रह कर रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ ग्राम डोड़की, शंकरदाह, हरफतराई, बलियारा में लोकसभा चुनाव को केंद्रित करते हुए आम जनता से रूबरू होने के लिए चाय पर चर्चा की योजना को अमलीजामा पहना रहे हैं। श्री गांधी ने कहा कि आजादी के बाद धमतरी जैसे क्षेत्र में किसी प्रधानमंत्री का प्रथम आगमन पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। मोदी जी का प्रधानमंत्री के रूप में पिछला 10 वर्ष युगों-युगों तक स्वर्णिम कार्यकाल के रूप में इतिहास के सुनहरे पन्नों पर दर्ज है।

मौके पर पार्षद राजेंद्र शर्मा, हीरालाल ध्रुव, प्रदीप सिन्हा, नरेन्द्र साहू, पिंटू यादव, कुलेश सोनी, अशोक साहू, प्रियंका सिन्हा, प्रदीप सिन्हा, धानु सिन्हा, कुशल, चिंताराम, हेमन्त साहू, श्यामा साहू, दीपा साहू, कामिनी, कमला, दिनेश्वरी, सुमन, संतोषी, शकुन, सतरूपा, अनीता, हेमा, लक्ष्मी, जुमबाई, फूलमत, कुंती, टिकेश्वरी, दुलारिन, विश्वासा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# लावारिस पशुओं से हटकेशरवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





गलियों में विचरण करने वाले जानवरों से टकराकर लोग हो रहे दुर्घटना का शिकार

शहर के साथ-साथ हटकेशर वार्ड में भी लावारिस मवेशी आम आदमी का सिर दर्द बन गया है। खेत खलिहान किनारे बसे होने के कारण इस वार्ड में शहर और गांवों के लावारिस मवेशी दिन-रात डेरा जमाए हुए हैं। दिन के उजाले में खेतों और बाड़ियों की फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं तो वहीं रात के अंधेरे में गलियों में झुंड बनाकर आराम फरमाते हैं, जिससे आवागमन करने वालों को परेशानी होती है। रात के अंधेरे में गायों से टकराकर लोग रोज दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। वार्डवासियों ने बताया कि चूंकि वार्ड कृषि प्रधान क्षेत्र है इसलिए लगभग सभी घरों में पालतू मवेशी है। काम निकाल लेने के बाद जानवर को खुले में छोड़ देते हैं जो गलियों में दिन-रात विचरण करते हैं। खुले में रहने के कारण बाड़ियों में लगाई गई हरी सब्जियों एवं भाजियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। खेतों उगाई गई धान की फसल, गेहूं, चना, उन्हारी को चटकर देते हैं। भगाने पर मारने दौड़ाते हैं। वार्डवासियों ने जिला प्रशासन और नगर निगम को आवेदन देकर लावारिस पशुओं को पकड़ने की मांग की है। उनका कहना है कि हटकेशर वार्ड के अलावा लालबगीचा, शीतलापारा, सोरिद-जोधापुर जैसी बस्तियों के अंदर झुंड बनाकर रहने लगे हैं। बीच सड़क पर बैठने की वजह से आवागमन में परेशानी होती है। लोगों का कहना है कि शहर में मवेशियों का घूमना मवेशी मालिकों की लापरवाही है। अगर उन पर कार्रवाई की जाए तो समस्या अपने आप खत्म हो जाएगी। आवारा घूम रहे मवेशियों को पकड़कर उनके मालिकों के खिलाफ कार्रवाई की जाना चाहिए। जुर्माना, दण्डात्मक कार्रवाई के डर से वे अपने मवेशी घर पर ही बांधकर रखेंगे। कार्रवाई के अभाव में पशुओं की संख्या खुले स्थान पर बढ़ती जा रही है। ऐसा लगता है कि शहर की गलियां मवेशियों के लिए चारागाह बन गई हैं। सुबह होते ही वार्ड की गलियों में गोबर ही गोबर दिखाई देता है।

## धमतरी विधानसभा स्तर पर युवा कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष चुने गए

- शहर क्रमांक 1 के अध्यक्ष आर्यन व शहर क्रमांक 2 के धर्मेंद्र बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी







लोकसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए युवा कांग्रेस ने अपने ब्लॉक में अध्यक्षों की नियुक्ति की। गौरतलब है कि चुनावी माहौल को देखते हुए महासमुंद लोकसभा से कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी कर जिताने व युवा कांग्रेस संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए ब्लॉक अध्यक्ष समेत उपाध्यक्ष, महासचिव व सचिव की नियुक्ति युवा कांग्रेस छत्तीसगढ़ प्रभारी डॉ. पलक वर्मा, सहप्रभारी प्रियंका पटेल के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, लोकसभा प्रभारी विधि नामदेव व जिला प्रभारी आशीष द्विवेदी के आदेश पर जिलाध्यक्ष नरेंद्र सोनवानी व विधानसभा अध्यक्ष हितेश गंगवीर ने की। शहर क्रमांक 1 में ब्लॉक अध्यक्ष आर्यन चन्देल, शहर क्रमांक 2 में धर्मेंद्र देवांगन व डामेश मरकाम नगर पंचायत आमदी अध्यक्ष नियुक्त किये गए। विष्णु सिन्हा प्रभारी महामंत्री, उपाध्यक्ष अनूप नेताम, दिनेश यादव, रोहित वाधवानी, भागवत साहू, महासचिव तिलक सिन्हा, श्रीकांत तिवारी, तिलक निषाद, फिरोज बनपेला, राज देवांगन, अविनाश रंगारी, लेखराज साहू, आकाश बंजारे, भूपेंद्र वैष्णव, जगेश्वर कुम्भकार, चंद्रकांत साहू, खिलेंद्र ध्रुव, सचिव कृष्णा लहरे, हेमलाल बंजारे, गौतम साहू, छत्रपाल साहू, लीलेश्वर महार, रविन्द्र यादव, यितेश सविता, यमन साहू, नोमेस साहू नियुक्त किए गए।

विधायक ओंकार साहू, महापौर विजय देवांगन, जिलाध्यक्ष शरद लोहाना, पूर्व जिलाध्यक्ष मोहन लालवानी, पूर्व प्रदेश सचिव आनंद पवार, जिलाध्यक्ष नरेंद्र सोनवानी, विधानसभा अध्यक्ष हितेश गंगवीर, आईटी लोकसभा अध्यक्ष तुषार जैस ने कई कार्यकारिणी से पार्टी की मजबूती के लिए कड़ी मेहनत करने की अपेक्षा जताई है।

## पीपल के पत्ते पर मतदान करने का दिया संदेश

**धमतरी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिले में अनेक स्वीप गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी को एक और अनोखी कलाकारी भेंट की गई। दरअसल जिले के वनांचल नगरी विकासखण्ड स्थित ग्राम मोदे के लीफ आर्टिस्ट विकास शांडिल्य ने पीपल के पत्तों पर ग्लोब, भारत के नक्शे पर उंगली के निशान, संसद भवन और हिंदू, मुस्लिम, सिक्ख इसाई चारों धर्म के व्यक्तियों को दर्शाता पीपल का पत्ते पर उकेरा, जिसे कलेक्टर सुश्री गांधी को उनके कक्ष में आकर भेंट किया। इस अनोखी कलाकारी और मतदाताओं के जागरूकता के लिए किए गए उनके हुनर की कलेक्टर ने काफी प्रशंसा की। गौरतलब है कि विकास शांडिल्य देश-विदेश और राज्य के सभी धर्म के महान पुरुषों की पीपल के पत्ते और अन्य पत्तों पर भी फोटो बना चुके हैं।

- कलेक्टर को भेंट किया पीपल के पत्ते पर भारत का नक्शा



### झिरिया में निकली मतदाता जागरुकता रैली

**धमतरी।** शासकीय प्राथमिक शाला झिरिया के कब बच्चों ने ग्रुप लीडर श्रीमती छन्नी सिन्हा के निर्देशन एवं कब मास्टर सोहनलाल साहू के नेतृत्व में गांव में मतदाता जागरूकता रैली निकाली। नुक्कड़ सभा के माध्यम से 26 अप्रैल को लोकसभा निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान कर अपने बहुमूल्य मताधिकार का उपयोग करने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया।

### शक्ति केंद्र छिपली में दो बूथों की हुई बैठक

**नगरी।** नगरी मंडल के शक्ति केंद्र छिपली बूथ क्रमांक 165 छिपली क एवं बूथ क्रमांक 166 ख छिपली कालोकसभा चुनाव के संबंध में आवश्यक बैठक रखी गई थी। जहां दोनों बूथ के अध्यक्षों एवं सदस्यों की उपस्थिति रही। बैठक में विशेष मार्गदर्शन देने के लिए किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री पिंकी शिवराज शाह का नगरी मंडल प्रभारी रवि शंकर दुबे, महामंत्री हृदय साहू की उपस्थिति में सभा को विशेष मार्गदर्शन मिला। कांकेर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग के पक्ष में मतदान करने की अपील की गई।

सिविल अस्पताल के डॉक्टरों ने बचाव के बताये उपाय- धूप में काला चश्मा लगाकर निकले

# तेज गर्मी व मोबाइल के सर्वाधिक उपयोग से बढ़ रही आंखों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

तेज धूप व गर्मी के साथ अधिक मोबाइल के प्रयोग से सिर दर्द व आंखों की समस्याएं हो रही हैं। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ यूएस नवरत्न ने तापमान अधिक होने पर बचाव के उपाय बताते हुए कहा कि अत्यधिक गर्मी में घर से भरपेट भोजन कर ही निकले। सिर को बांधकर कपड़ा ढंककर कर रखे। ओआरएस का पानी पीते रहे। टाइट कपड़ा न पहने। ढीला कपड़ा पहने। शिकंजी पीएं। पानी अधिक पीएं। तरल पेय पदार्थ पीएं। गन्ने का जूस घर पर आकर ही पीएं। धूप में काला चश्मा लगाकर निकले।

इसी तरह नेत्र चिकित्सा सहायकअधिकारी सह विकास खंड नोडल अधिकारी (अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम ) डॉ. क्षितिज साहू सिविल अस्पताल नेत्र रोग विभाग कुरूद ने बताया कि घंटो मोबाइल पर चैट करना, देररात तक जगना, अंधेरे में टीवी व मोबाइल देखना सिर दर्द, आखों में दर्द, नजर कमजोर होने का प्रमुख कारण बन रहा है। मोबाइल व कम्प्यूटर पर लगातार नजर टिकी रहने के कारण आखों में तनाव व दृष्टि संकुचित होती है जिससे आखों का पानी लिकवस सूखता जाता है। इससे ड्राई आई कम्प्यूटर सिंड्रोम विज़न बीमारी होने का डर ज्यादा रहता है। उन्होंने यह भी बताया कि युवाओं में निकट दृष्टि दोष की शिकायत दिन ब दिन बढ़ रही है। जो लोग मोबाइल व लेपटॉप, कम्प्यूटर में अधिक समय तक काम करते रहते हैं, उन्हें नजदीक की चीजें धुंधली दिखाई देने लगती हैं। एक बार अगर यह परेशानी आ गई तो हमेशा पावर के चश्मे पहनना पड़ेगा। यह शिकायत 40 वर्ष के आयु वर्ग में अधिक देखने को मिलती है। बच्चों व बड़ों में आधे सिर में दर्द, आंखों में दर्द व माइग्रेन की समस्या अधिक देखने को मिल रही है।



### 4 से 6 माह में जरूर कराएं आंखों की जांच

डॉ क्षितिज ने इनका कारण बदलती जीवनशैली को बताते हुए कहा है कि लोग प्रकृतिक साधनों की अपेक्षा इलेक्ट्रॉनिक साधनों का अधिक उपयोग करने लगे हैं। कम्प्यूटर, टीवी, मोबाइल का अधिक इस्तेमाल करने से माइग्रेशन, सिर दर्द, आंखों में दर्द, आंखों में सूखा पन की शिकायत ज्यादातर आ रही है। देर रात तक मोबाइल व कम्प्यूटर में काम करना, नींद पूरी न लेना, बाहर का खानपान, कामकाज का तनाव आखों की समस्याओं को और गंभीर बनाते हैं। सिर दर्द, आखों में दर्द, माइग्रेन से बचाव के लिए 4 से 6 माह में आंखों का चेकअप अवश्य करवाएं। चश्मा अगर लग गया है तो हमेशा चश्मा पहनें। तम्बाकू, शराब आदि नशे से बचे। नियमित योग करें। बाहर के खाने-पीने से बचे । बीपी, शुगर कंट्रोल करें व नियमित जांच कराते रहें।




